**भारत सरकार**

**ग्रामीण विकास मंत्रालय**

**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 3197**

**(22 मार्च, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

**बिहार में प्रधान मंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत मकानों का आबंटन**

**3197. श्री अशोक कुमार यादवः**

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का प्रधान मंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत अगले चरण का कार्य आरंभ करने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त कार्य को बिहार में, विशेषकर मधुबनी और दरभंगा जिलों के गांवों में कब तक शुरू किए जाने की संभावना है;

(ग) यदी नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या उपरोक्त योजना के तहत मधुबनी और दरभंगा के गांवों के नाम को अंतिम रूप दे दिया गया है और यदि हां , तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त मकानों को कब तक आबंटित करने का प्रस्ताव है;

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(च) आगामी तीन वर्षों के दौरान अगले चरण में बिहार के मधुबनी और दरभंगा जिलों में कितने आवास आबंटित किए जाने का प्रस्ताव है?

**उत्तर**

**ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**

**(साध्वी निरंजन ज्योति)**

**(क) से (च):** ग्रामीण क्षेत्रों में "सभी के लिए आवास " के उद्देश्य की पूर्ति के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय 01 अप्रैल, 2016 से प्रधानमंत्री आवास योजना – ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) का कार्यान्वयन कर रहा है , ताकि मार्च, 2024 तक आधारभूत सुविधाओं से संपन्न 2.95 करोड़ पक्के मकानों के निर्माण के समग्र लक्ष्य के साथ पात्र ग्रामीण परिवारों को सहायता उपलब्ध कराई जा सके। उपलब्ध सूचना के अनुसार बिहार राज्य सरकार ने पीएमएवाई-जी के अंतर्गत बिहार के मधुबनी और दरभंगा जिलों में शामिल किए जाने वाले गांवों के नाम तय कर दिए हैं। दरभंगा जिले के 18 ब्लॉकों की 330 ग्राम पंचायतों (जीपी) में शामिल किए जाने वाले गांवों की

कुल संख्या 1338 है और मधुबनी जिले के 21 ब्लॉकों की 399 ग्राम पंचायतों में 1307 गांव शामिल किए गए हैं। राज्य द्वारा इन गांवों को आवंटित लक्ष्य पीएमएवाई-जी की वेबसाइट www.pmayg.nic.in -----> AwaasSoft----> Reports----->Annual target and allocation पर देखे जा सकते हैं।

पात्र लाभार्थियों की उपलब्धता , पिछले वर्षों के दौरान आवंटित लक्ष्यों की प्राप्ति और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र के प्रस्ताव के आधार पर हर वर्ष पीएमएवाई-जी के लक्ष्य तय किए जाते हैं। वार्षिक लक्ष्यों के आवंटन के बाद आगे विभिन्न जिलों/ब्लॉकों/गांवों में लाभार्थियों के बीच लक्ष्यों का वितरण राज्य/संघ राज्य क्षेत्र स्थायी प्रतीक्षा सूची (पीडब्ल्यूएल) में लाभार्थियों की पात्र संख्या के आधार पर करते हैं। मंत्रालय ने आवास+ सूची से 11,49,947 मकानों सहित 38,83,611 मकानों का पूर्ण लक्ष्य बिहार राज्य को पहले ही आवंटित कर दिया है। इसमें से 36,07,361 मकान लाभार्थियों को स्वीकृत किए जा चुके हैं। शेष 2,76,250 मकान अब भी राज्य द्वारा लाभार्थियों को स्वीकृत किए जाने हैं।

दिनांक 15.03.2022 की स्थिति के अनुसार दरभंगा और मधुबनी जिले के साथ बिहार राज्य का चरण-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:

**(इकाई संख्या में)**

| **राज्य/जिला** | **चरण-I (2016-17 से 2018-19)** | | | **चरण-II (2019-20 से अब तक)** | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | मंत्रालय द्वारा राज्य को आवंटित लक्ष्य | राज्य द्वारा लाभार्थियों को स्वीकृत आवास | निर्मित आवास | मंत्रालय द्वारा राज्य को आवंटित लक्ष्य (राज्य द्वारा जिले को आवंटित) | राज्य द्वारा लाभार्थियों को स्वीकृत आवास | निर्मित आवास |
| बिहार | 11,76,617 | 11,67,760 | 10,78,780 | 27,06,994 | 24,39,601 | 12,95,405 |
| दरभंगा | 75,934 | 75,525 | 69,189 | 1,43,071 | 1,39,820 | 1,05,535 |
| मधुबनी | 59,086 | 58,875 | 54,172 | 1,27,548 | 1,22,470 | 69,014 |

पिछले दो वर्षों के दौरान इन जिलों में जिन लाभार्थियों को मकान स्वीकृत किए गए हैं उन लाभार्थियों का ब्यौरा पीएमएवाई-जी की वेबसाइट https://www.pmayg.nic.in-----> AwaasSoft----> Reports----->Houses progress against the target financial year पर देखा जा सकता है।

*****